# भारत-बहरीन आर्थिक संबंध होंगे प्रगाढ़

**अमर उजाला ब्यूरो**

नई दिल्ली।

भारत और बहरीन के बीच आर्थिक संबंध प्रगाढ़ करने के लिए सरकार एक दिसंबर से वहां बहरीन-इंडिया बिजनेस वीक का आयोजन कर रही है। इसमें दोनों देशों के बीच कारोबार बढ़ाने और एक दूसरे के यहां निवेश की संभावनाओं को तलाशा जाएगा।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के मुताबिक, वहां दूध-दही, फल-सब्जी, दैनिक उपयोग के सामान से लेकर मोटर वाहन, मशीनरी आदि की भारी मांग है। इसमें भारतीय उद्योगपतियों के लिए काफी संभावनाएं हैं। इसी के साथ बहरीन के सॉवरेन फंड के लिए भारत में निवेश के काफी विकल्प हैं।

पिछले दिनों बहरीन के कुछ कोषों ने भारतीय ढांचागत संरचना क्षेत्र में निवेश में दिलचस्पी भी दिखाई थी। इसी संभावना को साकार रुप देने के लिए बहरीन-इंडिया बिजनेस वीक का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भारत सरकार के विदेश मंत्रालय को नोडल मिनिस्ट्री बनाया गया है। इसके साथ ही इंडियन बिजनेस चैंबर, बहरीन चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री, बहरीन का इकोनामिक डेवलपमेंट बोर्ड और बहरीन का दूतावास भी सहभागी है।

उत्तर रेलवे